Title:Need to expedite construction of a rail over-bridge at Faizabad, U.P.- Laid.

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश के मंडलीय मुख्यालय फैजाबाद नगर को उत्तर रेलवे को लाइन द्वारा दो हिस्सों में बांट देने और छः स्थानों पर रेलवे फाटकों के एक साथ बंद हो जाने पर आम जनता में पैदा होने वाली भारी यातायात की असुविधा की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। रेलगाड़ी, मालगाड़ी एवं अन्य गाड़ियों के आने-जाने के समय पूरा यातायात ठप्प हो जाता है। जाम की समस्या के निदान हेतु मेरे ही पूर्व प्रस्ताव पर रेल मंत्रालय ने फैजाबाद में ओवर ब्रिज के निर्माण को मंजूरी एवं धनराशि भी आबंटित किया है, लेकिन आज तक ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं हो सका है।

जिन कारणों से ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं हो रहा है, उन्हें समाप्त कराते हुए तत्काल ओवर ब्रिज का निर्माण सुनिश्चित कराने की कृपा की जाये।